आईआईएम में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम शुरु, 1020 घंटे की ऑनलाइन पढ़ाई के बाद मिलेगी उपाधि

पेशेवरों और अधिकारियों के लिए किया गया है तैयार, व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मिलेगी मदद

रायपुर। भारतीय प्रबंध संस्थान द्वारा एड-टेक संस्था न्यूलर्न के साथ मिलकर एक प्रबंधन में कार्यकारी पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम की शुरुआत की है। यह प्रोग्राम दो साल का होगा। यह ऑनलाइन पाठ्यक्रम है। लेकिन पांच-पांच दिनों के दो सेशन आईआईएम रायपुर में होंगे, जिसमें उपस्थिति अनिवार्य होगी। पांच-पांच दिनों के ये सेशन कोर्स के शुरु और अंत में आयोजित किए जाएंगे। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों को आईआईएम रायपुर द्वारा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्रदान की जाएगी। इस कोर्स को

पेशेवरों और अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है। इससे उन्हें अपने संगठनों को विकास के मार्ग पर ले जाने में मदद करेगा। अपने क्षेत्र से जुड़ी प्रबंधन की बारीकियां वे इसके माध्यम से जान पाएंगे।

ऐसा होगा प्रोग्राम

*दो साल के इस पाठ्यक्रम में विभिन्न सामान्य प्रबंधन सिद्धांत, सॉफ्ट स्किल और विश्लेषणात्मक तरीकों का मिश्रण है। इसमें दुनिया के प्रतिष्ठित मामलों को शामिल किया गया है, ताकि इनके उदाहरणों से लोग सामने आने वाली समस्याओं का सामना कर सकें। पाठ्यक्रम को आईआईएम रायपुर के प्रमुख पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम की तर्ज पर डिजाइन किया गया है। 1,020 घंटे का यह कार्यक्रम है। पाठ्यक्रम के अंत में एक अतिरिक्त मिनी डिजर्टेशन भी कैंडिडेट्स को करना होगा। छह मुख्य सत्रों में 900 घंटे का शिक्षण शामिल है। मिनी टर्म में एक लघु शोध प्रबंध शामिल है। प्रवेश प्रक्रिया या किसी भी अन्य जानकारी के लिए 8880099302 या **epgp.iimraipur@nulearn.in** पर संपर्क कर सकते हैं।*

Haribhoomi, 11th Sep. 2020,p. 4(Raipurbhoomi).png